## हरियाणा सरकार

कृषि विभाग

### अधिसूचना

दिनांक 4 जनवरी, 2008

**संख्या 2349. कृषि० अनु० (1) 2008/279.**— पंजाब कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1961 (1961 का पंजाब अधिनियम 23), की धारा 43 की उपधारा (2) के खण्ड (xxviii), (xxix) तथा (xxx) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हरियाणा के राज्यपाल, इसके द्वारा, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की भर्ती तथा सेवा शर्तों को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थातः—

### भाग – I

सामान्य

1. (1) ये नियम हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड सेवा नियम, 2008, कहे जा सकते हैं। संक्षिप्त नाम तथा लागूकरण।

(2) ये विशेष करारनामे द्वारा शासित कर्मचारियों के सिवाए बोर्ड की सेवा के सभी कर्मचारियों को लागू होंगे :

परन्तु प्रतिनियुक्ति पर सरकारी कर्मचारियों के मामले में, ये उनकी प्रतिनियुक्ति के निबन्धनों तथा शर्तों में विनिर्दिष्ट सीमा तक लागू होंगे ।

2. (1) इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो— परिभाषाएं।

(क) "अधिनियम" से अभिप्राय है, पंजाब कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1961 (1961 का पंजाब अधिनियम 23);

(ख) "प्रशासकीय समिति" से अभिप्राय है, बोर्ड द्वारा बोर्ड के अध्यक्ष, प्रबन्ध निदेशक तथा मुख्य महाप्रबन्धक को मिला कर गठित प्रशासकीय समिति;

(ग) "प्रशासकीय अधिकारी" से अभिप्राय है, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड का प्रशासकीय अधिकारी;

(घ) "परिशिष्ट" से अभिप्राय है, इन नियमों का परिशिष्ट;

(ङ) "नियुक्ति प्राधिकारी" से अभिप्राय है, इन नियमों के नियम 6 के अधीन यथा विनिर्दिष्ट बोर्ड का नियुक्ति प्राधिकारी;

(च) "अध्यक्ष" से अभिप्राय है, बोर्ड का अध्यक्ष;

(ज) "आयोग" से अभिप्राय है, सरकार द्वारा गठित, यथास्थिति, हरियाणा लोक सेवा आयोग या हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग;

(झ) "सीधी भर्ती" से अभिप्राय है, कोई भी नियुक्ति जो सेवा में से पदोन्नति या भारत सरकार अथवा किसी राज्य सरकार की सेवा में पहले से लगे किसी कर्मचारी के स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति से अन्यथा की गई हो;

(ञ) "शिक्षा बोर्ड" से अभिप्राय है, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 1969 (1969 का अधिनियम 11), के उपबन्धों के अधीन स्थापित हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड या भारत के किन्हीं राज्यों में विधि द्वारा स्थापित कोई अन्य शिक्षा बोर्ड;

(ट) "सरकार" से अभिप्राय है, प्रशासकीय विभाग में हरियाणा सरकार;

(ठ) "प्रबन्ध निदेशक" से अभिप्राय है, बोर्ड का प्रबन्ध निदेशक ;

(ड) "गैर तकनीकी पद" से अभिप्राय है, पद जिनकी तकनीकी योग्यताएं अपेक्षित नहीं हैं ;

(ढ) "मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय" से अभिप्राय है—

(i) भारत में विधि द्वारा निगमित कोई विश्वविद्यालय; या

(ii) कोई अन्य विश्वविद्यालय जो इन नियमों के प्रयोजन के लिए सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय घोषित किया गया हो ;

(छ) "मुख्य महा प्रबन्धक" से अभिप्राय है, बोर्ड का मुख्य महाप्रबन्धक;

(ण) "सेवा" से अभिप्राय है, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड सेवा; तथा

(त) "तकनीकी पद" से अभिप्राय है, पद जिनकी तकनीकी योग्यताएं अपेक्षित हैं ।

(2) इन नियमों में प्रयुक्त किन्तु अपरिभाषित शब्दों तथा अभिव्यक्तियों का वही अर्थ होगा जो क्रमशः उन्हें हरियाणा राज्य को यथा लागू पंजाब कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1961 (1961 का पंजाब अधिनियम 23), तथा पंजाब सिविल सेवा नियम, जिल्द –I तथा II में दिया गया है ।

## भाग II

## सेवा में भर्ती

पदों की संख्या तथा उनका स्वरूप ।

3. सेवा में इन नियमों के परिशिष्ट क में बताए गए पद होंगे :

परन्तु इन नियमों में की गई कोई भी बात ऐसे पदों की संख्या में वृद्वि या कमी करने या विभिन्न पदनामों और वेतनमानों वाले नये पद स्थायी अथवा अस्थायी रूप से बनाने के लिए बोर्ड के अन्तर्निहित अधिकार पर प्रभाव नहीं डालेगी ।

सेवा में नियुक्त किए गए उम्मीदवारों की राष्ट्रीयता तथा चरित्र।

4. (1) कोई भी व्यक्ति सेवा में किसी पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा जबकि, वह निम्नलिखित न हो–

(क) भारत का नागरिक; या

(ख) नेपाल की प्रजा; या

(ग) भुटान की प्रजा; या

(घ) तिब्बत का शरणार्थी जो पहली जनवरी, 1962 से पहले भारत में स्थायी रूप से बसने के आशाय से आया हो; या

(ड·) भारतीय मूल का व्यक्ति जो पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका तथा कीनिया, युगांडा तथा तंजानिया के संयुक्त गणराज्य (भूतपूर्व टांगानीका तथा जंजीवार) जांबिया, मलावी, जायरे और इंथोपिया के किसी पूर्वी अफ्रीका देश से प्रवासित होकर भारत में स्थायी रूप से बसने के आशय से आया हो :

परन्तु प्रवर्ग (ख), (ग), (घ) या (ड·) से सम्बन्धित व्यक्ति ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पक्ष में भारत सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाण पत्र जारी किया गया हो ।

(2) कोई भी व्यक्ति जिसकी दशा में पात्रता का प्रमाण पत्र जारी करना आवश्यक हो, आयोग या किसी अन्य भर्ती प्राधिकरण द्वारा संचालित परीक्षा या साक्षात्कार के लिए प्रविष्ट किया जा सकता है परन्तु नियुक्ति का प्रस्ताव उसे सरकार द्वारा आवश्यक पात्रता प्रमाण पत्र जारी किये जाने के बाद ही दिया जा सकता है ।

(3) कोई भी व्यक्ति सेवा में सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि वह–

(क) अन्तिम उपस्थिति के विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय या ऐसी संस्था, यदि कोई हो, के प्रधान शैक्षणिक अधिकारी से चरित्र प्रमाण पत्र और दो ऐसे अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों से जो उसके सम्बन्धी न हों, किन्तु उसके व्यक्तिगत जीवन में उससे भली भान्ति परिचित हों और जो उस विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय या संस्था से सम्बन्धित न हों उसी प्रकार के प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करे ; तथा

(ख) पंजाब सिविल सेवा नियम, वाल्यूम–I, भाग–I के नियम 3.1 के अधीन यथा अपेक्षित शारीरिक उपयुक्तता का चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करे ।

5. कोई भी व्यक्ति सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त नहीं किया जाएगा यदि वह आवेदनों की प्राप्ति की अन्तिम तिथि को सत्रह वर्ष की आयु से कम का या चालीस वर्ष की आयु से अधिक का हो: आयु ।

परन्तु निम्नतर तथा उच्चतर आयु सीमा ऐसी होगी जो समय–समय पर सरकार द्वारा नियत की जाए:

परन्तु यह और कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों, पिछडे वर्गों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों तथा शारीरिक विकलागों से सम्बन्धित उम्मीदवारों की दशा में उच्चतर आयु सीमा ऐसी होगी जो समय–समय पर सरकार द्वारा नियत की जाए:

परन्तु यह और कि बोर्ड की सेवा में पहले से ही लगे उम्मीदवारों की दशा में उपरोक्त यथाविनिर्दिष्ट अधिकतम उच्चतर आयु सीमा से ऊपर पांच वर्ष तथा जो समय समय पर बोर्ड द्वारा नियत की जाए, की छूट होगी ।

6. सेवा में पदों की नियुक्तियां नीचे दी गई तालिका के खाना 2 तथा उक्त अनुसूची के खाना 3 में प्रत्येक के सामने वर्णित प्राधिकारियों द्वारा की जाएंगी:– नियुक्ति प्राधिकारी ।

## तालिका

| क्रम संख्या | पदनाम | नियुक्ति अधिकारी |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | अध्यक्ष | |
| 2 | प्रबन्ध निदेशक | सरकार |
| 3 | अपर प्रबन्ध निदेशक | |
| 4 | महाप्रबन्धक (वित्त तथा लेखा) | प्रशासकीय समिति |
| 5 | मुख्य महाप्रबन्धक | सरकार |
| 6 | मुख्य अभियन्ता | प्रशासकीय समिति |
| 7 | मुख्य महाप्रबन्धक, विकास एवं जांच अधिकारी | |
| 8 | जिला न्यायवादी | सरकार |
| 9 | वरिष्ठ नगर योजनाकार | |
| 10 | वास्तुकार | प्रशासकीय समिति |
| 11 | क्षेत्रीय प्रबन्धक | सरकार |
| 12 | महाप्रबन्धक | |
| 13 | अपर महाप्रबन्धक | |
| 14 | अधीक्षण अभियन्ता | |
| 15 | प्रशासकीय अधिकारी | |
| 16 | उप जोनल प्रबन्धक (प्रवर्तन) | |
| 17 | कार्यकारी अभियन्ता | |
| 18 | सहायक वास्तुकार | |
| 19 | उप महाप्रबन्धक (वित्त तथा लेखा) | प्रशासकीय समिति |
| 20 | जिला महाप्रबन्धक (प्रवर्तन) | |
| 21 | उप मण्डल अभियन्ता | |
| 22 | उप मण्डल अभियन्ता (भू–दृश्य–निर्माण) | |

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| 23 | कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव | |
| 24 | पुस्तकाध्यक्ष | प्रशासकीय समिति |
| 25 | वास्तुकला सहायक | |
| 26 | निजी सचिव | |
| 27 | सहायक जिला न्यायवादी | |
| 28 | सहायक महाप्रबन्धक (वित्त तथा लेखा) | |
| 29 | अधीक्षक | |
| 30 | सहायक लेखा अधिकारी / अनुभाग अधिकारी | |
| 31 | मण्डल लेखाकार | |
| 32 | वरिष्ठ प्रारूपकार (वास्तुकार) | |
| 33 | वाणिज्यिक लेखाकार | |
| 34 | परिमण्डल मुख्य प्रारूपकार | |
| 35 | कनिष्ठ प्रारूपकार (वास्तुकार) | |
| 36 | निजी सहायक | |
| 37 | उप अधीक्षक | |
| 38 | सहायक सचिव | |
| 39 | कृषि कारबार प्रबन्धक | |
| 40 | मुख्य प्रारूपकार | |
| 41 | कनिष्ठ अभियन्ता | |
| 42 | कनिष्ठ अभियन्ता (भू–दृश्य–निर्माण) | |
| 43 | सांख्यिकीय सहायक | |
| 44 | कानूनगो | |
| 45 | सहायक प्रारूपकार (वास्तुकार) | |
| 46 | वरिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक | |
| 47 | सहायक (लेखा) | |
| 48 | लेखाकार (मण्डी समिति) | प्रबन्ध निदेशक |
| 49 | सहायक प्रारूपकार | |
| 50 | मण्डी पर्यवेक्षक एवं फीस कलक्टर | |
| 51 | सहायक | |
| 52 | लेखा परीक्षक | |
| 53 | सहायक अग्नि उप अधिकारी | |
| 54 | पलम्बर | |
| 55 | इलैक्ट्रीशियन | |
| 56 | मोटर मैकेनिक | |
| 57 | कनिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक | |
| 58 | चालक संचालक | |
| 59 | लीडिंग फायरमैन | |
| 60 | चालक | |
| 61 | पटवारी | |

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| 62 | कम्प्यूटर संचालक | प्रबन्ध निदेशक |
| 63 | रैस्टोरर | |
| 64 | डूप्लीकेटिंग मशीन संचालक | |
| 65 | बस परिचालक | |
| 66 | लिपिक | |
| 67 | आशुटंकक | |
| 68 | फायरमैन | |
| 69 | नीलामी रिकार्डर | |
| 70 | नलकूप संचालक | |
| 71 | दफतरी | मुख्य महाप्रबन्धक |
| 72 | जमादार | |
| 73 | रोड़ रोलर क्लीनर | |
| 74 | माली | |
| 75 | फैरो खलासी | |
| 76 | स्वीपर | |
| 77 | सेवादार एवं चौकीदार | |
| 78 | ट्रक क्लीनर | |

**7.** कोई भी व्यक्ति सेवा में किसी पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जायेगा जब तक कि वह सीधी भर्ती की दशा में इन नियमों के परिशिष्ट ख के खाना 3 में विनिर्दिष्ट तथा सीधी भर्ती से अन्यथा नियुक्ति की दशा में पूर्वोक्त परिशिष्ट के खाना 4 में विनिर्दिष्ट अर्हतायें तथा अनुभव न रखता हो : अर्हताएं।

परन्तु कर्मचारियों के आरक्षित प्रवर्गों की सीधी भर्ती की दशा में, अनुभव सम्बन्धी शर्त में नियुक्ति प्राधिकारी के विवेक पर 50 प्रतिशत सीमा तक ढील दी जाएगी यदि अनुसूचित जातियों, पिछडे वर्गों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों तथा शारीरिक रूप से विकलांग प्रवर्गों में उनके लिये आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिये अपेक्षित अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध न हो, ऐसा करने के लिये लिखित रूप में कारण दिये जायेंगे ।

**8.** (1) कोई भी व्यक्ति, – निरर्हताएं।

(क) जिसने जीवित पति/पत्नी वाले व्यक्ति से विवाह कर लिया है या विवाह की संविदा कर ली है ; या

(ख) जिसने पति/पत्नी के जीवित होते हुए, किसी अन्य व्यक्ति से विवाह कर लिया है या विवाह की संविदा कर ली है,

सेवा में किसी भी पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि सरकार की इस सम्बन्ध में सन्तुष्टि हो जाये कि ऐसे व्यक्ति तथा विवाह के दूसरे पक्ष पर लागू स्वीय विधि के अधीन ऐसा विवाह अनुज्ञेय है तथा ऐसा करने के अन्य आधार भी हैं, तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के लागू होने से छूट दे सकती है।

(2) कोई भी व्यक्ति सेवा में नियुक्त नहीं किया जाएगा जिसे भारत सरकार या किसी राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारण या निगम की सेवा से पदच्युत किया गया है ।

**9.** तीन हजार पाचास रुपए प्रतिमास अथवा आठ हजार रुपए प्रतिमास से अनधिक के प्रारम्भिक वेतन वाले पदों की सभी सीधी भर्तियां हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से की जाएंगी । भर्ती का स्रोत ।

**10.** सेवा में भर्ती इन नियमों के परिशिष्ट ख में यथा विनिर्दिष्ट रीति में की जाएगी । भर्ती का ढंग।

पदोन्नति की प्रक्रिया। **11.** पदों के सम्बन्ध में पदोन्नति ज्येष्ठता एवं योग्यता के आधार पर की जाएगी और केवल ज्येष्ठता ऐसी पदोन्नति के लिए कोई अधिकार प्रदान नहीं करेगी ।

परिवीक्षा। **12.** (1) सेवा में किसी भी पद पर नियुक्त व्यक्ति, यदि वह सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त किया गया हो, तो दो वर्ष की अवधि के लिये और यदि अन्यथा नियुक्त किया गया हो, तो एक वर्ष की अवधि के लिये परिवीक्षा पर रहेगा :

परन्तु–

(क) ऐसी नियुक्ति के बाद किसी अनुरूप या उच्चतर पद पर प्रतिनियुक्ति पर व्यतीत की गई कोई अवधि, परिवीक्षा की अवधि में गिनी जाएगी;

(ख) स्थानापन्न द्वारा किसी नियुक्ति की दशा में, सेवा में किसी पद पर नियुक्ति से पहले किसी समकक्ष अथवा उच्चतर पद पर किए गए कार्य की कोई अवधि, नियुक्ति प्राधिकारी के विवेक पर, इस नियम के अधीन निश्चित परिवीक्षा अवधि में गिनने की अनुमति दी जा सकती है; या

(ग) स्थानापन्न नियुक्ति की कोई अवधि परिवीक्षा पर व्यतीत की गई अवधि के रूप में गिनी जाएगी, कोई भी व्यक्ति जिसने ऐसे स्थानापन्न रूप में कार्य किया है, परिवीक्षा की विहित अवधि के पूरा होने पर, यदि वह किसी स्थाई पद पर नियुक्त न किया गया हो, पुष्ट किए जाने का हकदार नहीं होगा ।

(2) यदि, नियुक्ति प्राधिकारी की राय में, परिवीक्षा की अवधि के दौरान किसी व्यक्ति का कार्य या आचरण सन्तोषजनक न रहा हो तो वह,–

(क) यदि ऐसा व्यक्ति सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त किया गया हो, तो उसे उसकी सेवाओं से अलग कर सकता है ; और

(ख) यदि ऐसा व्यक्ति सीधी भर्ती से अन्यथा नियुक्त किया गया हो, तो,–

(i) उसे उसके पूर्व पद पर प्रतिवर्तित कर सकता है ; या

(ii) उसके सम्बन्ध में किसी ऐसी अन्य रीति में कार्रवाई कर सकता है जो उसकी पूर्व नियुक्ति के निबन्धन तथा शर्तें अनुज्ञात करें ।

(3) किसी व्यक्ति की परिवीक्षा अवधि पूरी होने पर, नियुक्त प्राधिकारी–

(क) यदि उसकी राय में इसका कार्य या आचरण सन्तोषजनक रहा हो तो–

(i) ऐसे व्यक्ति को, यदि वह स्थाई रिक्ति पर नियुक्त किया गया हो, तो उसकी नियुक्ति की तिथि से पुष्ट कर सकता है ; या

(ii) ऐसे व्यक्तियों को,यदि वह अस्थायी रिक्ति पर नियुक्त किया गया हो, तो स्थायी रिक्ति होने की तिथि से पुष्ट कर सकता है ; या

(iii) यदि कोई स्थायी रिक्ति न हो, तो घोषित कर सकता है कि उसने अपनी परिवीक्षा अवधि सन्तोषजनक ढंग से पूरी कर ली है ; या

(ख) यदि उसका कार्य या आचरण उसकी राय में सन्तोषजनक न रहा हो, तो–

(i) यदि वह सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त किया गया हो, तो उसे सेवा से अलग कर सकता है, यदि अन्यथा नियुक्त किया गया हो, तो उसे उसके पूर्व पद पर प्रतिवर्तित कर सकता है या उसके सम्बन्ध में ऐसी अन्य रीति में कार्रवाई कर सकता है जो उसकी पूर्व नियुक्ति के निबन्धन तथा शर्तें अनुज्ञात करें ; या

(ii) उसकी परिवीक्षा अवधि बढ़ा सकता है और उसके बाद ऐसे आदेश कर सकता है जो वह परिवीक्षा की प्रथम अवधि की समाप्ति पर कर सकता था :

परन्तु परिवीक्षा की कुल अवधि, जिसमें बढाई गई अवधि, यदि कोई है, भी शामिल है, तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

13. सेवा के सदस्यों की परस्पर ज्येष्ठता किसी भी पद पर सेवा में उनके लगातार सेवाकाल के अनुसार निश्चित की जाएगी : ज्येष्ठता।

परन्तु जहां सेवा में विभिन्न संवर्ग हों, वहां ज्येष्ठता प्रत्येक संवर्ग के लिये अलग – अलग निश्चित की जाएगी :

परन्तु यह और कि सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त सदस्यों की दशा में ज्येष्ठता नियत करते समय इन नियमों में वर्णित नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा निश्चित योग्यता क्रम भंग नहीं किया जाएगा :

परन्तु यह और कि एक ही तिथि को नियुक्त दो या दो से अधिक सदस्यों की दशा में, उनकी ज्येष्ठता निम्नलिखित रूप से निश्चित की जाएगी:--

(क) सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त सदस्य पदोन्नति या स्थानान्तरण द्वारा नियुक्त सदस्य से ज्येष्ठ होगा ;

(ख) पदोन्नति द्वारा नियुक्त सदस्य स्थानान्तरण द्वारा नियुक्त सदस्य से ज्येष्ठ होगा ;

(ग) पदोन्नति द्वारा अथवा स्थानान्तरण द्वारा नियुक्त सदस्यों की दशा में ज्येष्ठता, ऐसी नियुक्तियों में से ऐसे सदस्यों की ज्येष्ठता के अनुसार निश्चित की जायेगी जिनसे ये पदोन्नति या स्थानान्तरित किए गए थे ; और

(घ) विभिन्न संवर्गों से स्थानान्तरण द्वारा नियुक्त सदस्यों की दशा में, उसकी ज्येष्ठता वेतन के अनुसार निश्चित की जाएगी, अधिमान ऐसे सदस्य को दिया जाएगा जो अपनी पहले की नियुक्ति में उच्चतर दर पर वेतन ले रहा था, और यदि मिलने वाले वेतन की दर भी समान हो तो उनकी ज्येष्ठता उनकी नियुक्तियों में उनके सेवाकाल के अनुसार निश्चित की जाएगी और यदि सेवाकाल भी समान हो तो आयु में बड़ा सदस्य छोटे सदस्य से ज्येष्ठ होगा ।

*टिप्पणः*– केवल अस्थायी आधार पर नियुक्त सेवा के सदस्यों या दैनिक वेतन भोगी/संविदात्मक आधार पर नियुक्त व्यक्ति की ज्येष्ठता तब निर्धारित की जाएगी जब वे ऐसी नियमित नियुक्ति की तिथि को ध्यान में रखते हुए नियमित रूप से नियुक्त हुए हैं ।

14. सेवा का सदस्य, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा या इस निमित्त उस द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा, हरियाणा राज्य के भीतर अथवा उसके बाहर किसी भी स्थान पर, सेवा करने के लिए आदेश दिए जाने पर, ऐसा करने के लिए दायी होगा । सेवा का दायित्व।

15. (1) वेतन, छुट्टी, पेंशन, भविष्य निधि तथा अन्य मामलों के सम्बन्ध में जिनका इन नियमों में स्पष्ट रूप से उपबन्ध नहीं किया गया है, सेवा के सदस्य पंजाब सिविल सेवा नियम तथा ऐसे अन्य नियमों तथा विनियमों द्वारा नियन्त्रित होंगे जो सरकार द्वारा बनाए गए हों तथा उसके बाद बोर्ड द्वारा अपनाए गए हों । वेतन, छुट्टी, पेंशन, भविष्य निधि तथा अन्य मामले।

(2) पेंशन, भविष्य निधि तथा उपदान के सम्बन्ध में, सेवा के सदस्य हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड तथा मण्डी समिति कर्मचारी पेंशन, भविष्य निधि तथा उपदान नियम, 1989 द्वारा नियन्त्रित होंगे ।

16. (1) आचरण, अनुशासन, शास्तियां तथा अपीलों से सम्बन्धित मामलों में, सेवा के सदस्य समय–समय पर यथा संशोधित सरकारी कर्मचारी (आचरण ) नियम, 1966 तथा हरियाणा सिविल सेवा (दण्ड तथा अपील) नियम, 1987, द्वारा नियन्त्रित होंगे : आचरण, अनुशासन, शास्तियां तथा अपील।

परन्तु ऐसी शास्तियों का स्वरूप, जो लगाई जा सकती हैं, ऐसी शास्तियां लगाने के लिए सशक्त प्राधिकारी तथा अपील अधिकारी, पंजाब कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1961 (1961 का पंजाब अधिनियम 23 ), की धारा 43 की उप धारा (2) के अधीन बनाई गई किसी विधि या नियमों के उपबन्धों के अधीन रहते हुए वे होंगे जो इन नियमों के परिशिष्ट ग में विनिर्दिष्ट किए गए हैं ।

(2) हरियाणा सिविल सेवा (दण्ड तथा अपील) नियम, 1987 के नियम 9 के उप नियम (1) के खण्ड (ग) या (घ) के अधीन आदेश करने के लिए सक्षम प्राधिकारी तथा अपील प्राधिकारी भी वह होगा जो इन नियमों के परिशिष्ट घ में विनिर्दिष्ट है ।

17. सेवा का प्रत्येक सदस्य टीका लगवाएगा या जब सरकार किसी विशेष या साधारण आदेश द्वारा ऐसा निर्देश करे, पुनः टीका लगवाएगा । टीका लगवाना।

राजनिष्ठा की शपथ ।

**18.** सेवा के प्रत्येक सदस्य से, जब तक उसने पहले ही भारत के प्रति तथा विधि द्वारा यथास्थापित भारत के संविधान के प्रति राजनिष्ठा की शपथ न ले ली हो, ऐसा करने की अपेक्षा की जाएगी ।

आरक्षण।

**19.** इन नियमों में दी गई कोई बात, राज्य सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में समय समय पर जारी किए गए आदशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, पिछडे वर्गों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों, शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों या व्यक्तियों के किसी वर्ग या प्रवर्ग को दिए जाने के लिए अपेक्षित आरक्षणों तथा अन्य रियायतों को प्रभावित नहीं करेगी :

परन्तु इस प्रकार किए गए आरक्षणों की कुल प्रतिशतता किसी भी समय पचास प्रतिशत से अधिक नहीं होगी ।

विशेष उपबन्ध।

**20.** इन नियमों में किसी बात के होते हुए भी, नियुक्ति प्राधिकारी, यदि ऐसा करना उचित समझे तो वह नियुक्ति आदेश में विशेष निबन्धन तथा शर्तें लगा सकता है ।

संवर्ग का बदलना।

**21.** नियुक्ति प्राधिकारी को सेवा के सदस्य का संवर्ग बदलने का विवेकाधिकार होगा परन्तु संवर्ग बदलने का विकल्प सदस्य द्वारा सम्पूर्ण सेवा में केवल एक बार प्रयोग किया जा सकता है ।

सेवा से त्यागपत्र।

**22.** यदि सेवा का सदस्य सेवा से पदत्याग करना चाहता है, तो वह नियुक्ति प्राधिकारी को लिखित में एक मास का नोटिस देगा । यदि सदस्य ऐसे नोटिस को एक मास या न्यूनतम अवधि में देने से असफल रहता है, तो नियुक्ति प्राधिकारी नोटिस के बदले में सामान्य भत्ते सहित एक मास का वेतन या एक मास की ऐसी शेष अवधि की सीमा तक सामान्य भत्तों सहित वेतन, जैसी भी स्थिति हो, वसूल करने का हकदार होगा ।

ढील देने की शक्ति।

**23.** जहां बोर्ड की राय में, इन नियमों के किसी उपबन्ध में ढील देना आवश्यक या समीचीन हो, वहां वह बोर्ड के अनुमोदन से कारण लिखकर, आदेश द्वारा, व्यक्तियों के किसी वर्ग या प्रवर्ग के बारे में ऐसा कर सकता है ।

निरसन तथा व्यावृत्ति।

**24.** हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड सेवा नियम, 1974, इसके द्वारा, निरसित किए जाते हैं :

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन किया गया कोई आदेश या की गई कोई कार्रवाई इन नियमों के अनुरूप उपबन्धों के अधीन किया गया आदेश अथवा की गई कार्रवाई समझी जाएगी ।

## परिशिष्ट क

*(देखिए नियम 3)*

| क्रम संख्या | पदनाम | पदों की संख्या | वेतनमान ( रुपयों में ) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | अध्यक्ष | 01 | मानदेय |
| 2 | प्रबन्ध निदेशक | 01 | पदधारी के वेतन के अनुसार |
| 3 | अपर प्रबन्ध निदेशक | 01 | पदधारी के वेतन के अनुसार |
| 4 | महाप्रबन्धक (वित्त तथा लेखा ) | 01 | पदधारी के वेतन के अनुसार |
| 5 | मुख्य महाप्रबन्धक | 01 | पदधारी के वेतन के अनुसार |
| 6 | मुख्य अभियन्ता | 01 | 16400–450–20900 |
| 7 | मुख्य महाप्रबन्धक, विकास एवं जांच अधिकारी | 01 | पदधारी के वेतन के अनुसार |
| 8 | जिला न्यायवादी | 01 | पदधारी के वेतन के अनुसार |
| 9 | वरिष्ठ नगर योजनाकार | 01 | पदधारी के वेतन के अनुसार |
| 10 | वास्तुकार | 01 | पदधारी के वेतन के अनुसार |
| 11 | क्षेत्रीय प्रबन्धक | 03 | पदधारी के वेतन के अनुसार |
| 12 | महाप्रबन्धक | 01 | 13500–375–17250 |
| 13 | अपर महाप्रबन्धक | 01 | 12000–375–16500 |
| 14 | अधीक्षण अभियन्ता | 06 | 12000–375–16500 |
| 15 | प्रशासकीय अधिकारी | 02 | 10000–375–13900 |
| 16 | उप क्षेत्रीय प्रबन्धक (प्रवर्तन) | 04 | 10000–325–13900 |
| 17 | कार्यकारी अभियन्ता | सिविल = 20<br>विद्युत = 02<br>जन स्वास्थ्य = 01<br>मैकेनिकल = 01<br>(डिमिनीशिंग) | 10000–325–13900 |
| 18 | सहायक वास्तुकार | 01 | 8000–275–10200–द०रो०–275–13500 |
| 19 | उप महाप्रबन्धक (वित्त तथा लेखा ) | 02 | 8000–275–10200–द०रो०–275–13500 |
| 20 | जिला महाप्रबन्धक (प्रवर्तन) | 12 | 8000–275–10200–द०रो०–275–13500 |
| 21 | उप मण्डल अभियन्ता | सिविल = 72<br>विद्युत = 06<br>जनस्वास्थ्य = 03<br>मैकेनिकल = 01 | 8000–275–10200–द०रो०–275–13500 |
| 22 | उप मण्डल अभियन्ता (भू–दृश्य–निर्माण ) | 01 | 8000–275–10200–द०रो०–275–13500 |

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 23 | कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव | 106 | 7450–225–9025–द०रो०–225–11500 |
| 24 | पुस्तकाध्यक्ष | 01 | 6500–200–8500–द०रो०–200–10500 |
| 25 | वास्तुकला सहायक | 01 | 6500–200–8500–द०रो०–200–10500 |
| 26 | निजी सचिव | 02 | 6500–200–8500–द०रो०–200–10500 |
| 27 | सहायक जिला न्यायवादी | 03 | 6500–200–8500–द०रो०–200–10500 |
| 28 | सहायक महाप्रबन्धक (वित्त तथा लेखा) | 06 | 6500–200–8500–द०रो०–200–10500 |
| 29 | अधीक्षक | 07 | 6500–200–8500–द०रो०–200–10500 |
| 30 | सहायक लेखा अधिकारी / अनुभाग अधिकारी | 08 | 6500–200–8500–द०रो०–200–10500 |
| 31 | मण्डलीय लेखाकार | 21 | 6500–200–8500–द०रो०–200–10500 |
| 32 | वरिष्ठ प्रारूपकार (वास्तुकार) | 02 | 6500–200–8500–द०रो०–175–9900 |
| 33 | वाणिज्यिक लेखाकार | 03 | 6500–200–8500–द०रो०–175–9900 |
| 34 | परिमण्डल मुख्य प्रारूपकार सिविल | 08 | 6500–200–8500–द०रो०–175–9900 |
| 35 | कनिष्ठ प्रारूपकार (वास्तुकार) | 04 | 5500–175–8300–द०रो०–175–9000 |
| 36 | निजी सहायक | 05 | 5500–175–8300–द०रो०–175–9000 जमा विशेष वेतन |
| 37 | उप अधीक्षक | 06 | 5500–175–8300–द०रो०–175–9000 |
| 38 | सहायक सचिव | 177 | 5500–175–8300–द०रो०–175–9000 |
| 39 | कृषि–कारबार प्रबन्धक | 21 | 5500–175–8300–द०रो०–175–9000 |
| 40 | मुख्य प्रारूपकार | सिविल = 20<br>विद्युत = 1 | 5500–175–8300–द०रो०–175–9000 |
| 41 | कनिष्ठ अभियन्ता | सिविल = 229<br>विद्युत = 19<br>मैकेनिकल = 06<br>जन स्वास्थ्य = 09 | 6500–200–8500–द०रो०–200–9900<br>ग्रेड–I<br>6500–200–8500–द०रो०–200–9900<br>ग्रेड–II |
| 42 | कनिष्ठ अभियन्ता (भू–दृश्य–निर्माण) | 01 | 6500–200–8500–द०रो०–200–9900 |
| 43 | सांख्यिकीय सहायक | 04 | 5450–150–6950–द०रो०–150–8000 |
| 44 | कानूनगो | 01 डिमिनीशिंग | 5000–150–7100–द०रो०–150–7850 |
| 45 | सहायक प्रारूपकार (वास्तुकार) | 02 | 5000–150–7100–द०रो०–150–7850 |
| 46 | वरिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक | 10 | 5000–150–7100–द०रो०–150–7850 |
| 47 | सहायक लेखा | 102 | 5000–150–7100–द०रो०–150–7850 |
| 48 | लेखाकार मण्डी समिति | 129 | 5000–150–7100–द०रो०–150–7850 |
| 49 | सहायक प्रारूपकार सिविल | 41 | 5000–150–7100–द०रो०–150–7850 |
| 50 | मण्डी पर्यवेक्षक एवं फीस कलक्टर | 455 | 5000–150–7100–द०रो०–150–7850 |
| 51 | सहायक | 72 | 5000–150–7100–द०रो०–150–7850 |

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 52 | लेखा परीक्षक | 02 | 5000–150–7100–द०रो०–150–7850 |
| 53 | सहायक अग्नि उप अधिकारी | 18 | 5000–150–7100–द०रो०–150–7850 |
| 54 | पलम्बर | 10 डिमिनीशिंग | डिप्लोमाधारक के लिए 4000–100–4800–द०रो०–100–6000 तथा अन्य के लिए 3050–75–3950–द०रो०–80–4590 |
| 55 | इलैक्ट्रीशियन | 12 डिमिनीशिंग | 3050–75–3950–द०रो०–80–4590 |
| 56 | मोटर मैकेनिक | 01 | 4000–100–4800–द०रो०–100–6000 |
| 57 | वरिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक | 11 | 4000–100–4800–द०रो०–100–6000 |
| 58 | चालक आप्रेटर | 14 डिमिनीशिंग | 4000–100–4800–द०रो०–100–6000 |
| 59 | लीडिंग फायरमैन | 14 डिमिनीशिंग | 4000–100–4800–द०रो०–100–6000 |
| 60 | चालक | कार एवं जीप चालक = 114 टैक्टर चालक = 42 ट्रक चालक = 20 रोड रोलर चालक = 46 तथा बस चालक = 1 | 4000–100–4800–द०रो०–100–6000 *टिप्पण:* केवल कार एवं जीप चालकों को 300/–रुपये विशेष वेतन। |
| 61 | पटवारी | 01 | 3050–75–3950–द०रो०–80–4590 |
| 62 | कम्प्यूटर संचालक | 01 डिमिनीशिंग | 3050–75–3950–द०रो०–80–4590 |
| 63 | रैस्टोरर | 01 | 3050–75–3950–द०रो०–80–4590 |
| 64 | डूप्लीकेटिंग मशीन संचालक | 01 | 3050–75–3950–द०रो०–80–4590 |
| 65 | बस परिचालक | 01 | 3050–75–3950–द०रो०–80–4590 |
| 66 | लिपिक | 203 | 3050–75–3950–द०रो०–80–4590 |
| 67 | आशुलिपिक | 29 | 3050–75–3950–द०रो०–80–4590 जमा विशेष वेतन |
| 68 | फायरमैन | 53 डिमिनीशिंग | 3050–75–3950–द०रो०–80–4590 |
| 69 | नीलामी रिकार्डर | 984 | 3050–75–3950–द०रो०–80–4590 |
| 70 | नलकूप चालक | 09 डिमिनीशिंग | 3050–75–3950–द०रो०–80–4350 |
| 71 | दफतरी | 02 | 2650–65–3300–द०रो०–70–4000 |
| 72 | जमादार | 02 | 2650–65–3300–द०रो०–70–4000 |
| 73 | रोड रोलर क्लीनर | 01 डिमिनीशिंग | 2550–55–2660–द०रो०–60–3200 |
| 74 | माली | 03 डिमिनीशिंग | 2550–55–2660–द०रो०–60–3200 |
| 75 | फैरो खलासी | 05 डिमिनीशिंग | 2550–55–2660–द०रो०–60–3200 |
| 76 | स्वीपर | 20 डिमिनीशिंग | 2550–55–2660–द०रो०–60–3200 |
| 77 | सेवादार एवं चौकीदार | 253 | 2550–55–2660–द०रो०–60–3200 |
| 78 | ट्रक क्लीनर | 04 | 2550–55–2660–द०रो०–60–3200 |

## परिशिष्ट ख

(देखिए नियम 7 तथा 10)

| क्रम संख्या | पदनाम | सीधी भर्ती के लिए शैक्षिक अर्हताएं तथा अनुभव, यदि कोई हो | सीधी भर्ती से अन्यथा नियुक्ति के लिए शैक्षिक अर्हताएं तथा अनुभव, यदि कोई हो | भर्ती का ढंग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | अध्यक्ष | — | — | सरकार द्वारा मनोनीत |
| 2 | प्रबन्ध निदेशक | | आई०ए०एस० | किसी राज्य सरकार या भारत सरकार की सेवा में पहले से ही लगे किसी अधिकारी के स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा। |
| 3 | अपर प्रबन्ध निदेशक | — | आई०ए०एस० | किसी राज्य सरकार या भारत सरकार की सेवा में पहले से ही लगे किसी अधिकारी के स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा। |
| 4 | महाप्रबन्धक (वित्त तथा लेखा) | — | (i) वरिष्ठ उप महा–लेखाकार/उप महालेखाकार की पदवी का भारतीय लेखा परीक्षा तथा लेखा सेवा का कोई अधिकारी ; या<br>(ii) वरिष्ठ लेखा अधिकारी/उप महाप्रबन्धक (वित्त तथा लेखा) सहित राज्य लेखा सेवा (एस०ए०एस०)/ कारबार प्रशासन में मास्टर (वित्त)/चार्टरड अकांउटैंट/आई०सी०डब्ल्यू०ए० में तीन वर्ष का अनुभव रखता हो। | वरिष्ठ लेखा अधिकारी/उप महा प्रबन्धक (वित्त तथा लेखा) में से पदोन्नति द्वारा या किसी राज्य सरकार या भारत सरकार की सेवा में पहले से ही लगे किसी अधिकारी के स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा। |
| 5 | मुख्य महा प्रबन्धक | — | एच०सी०एस० | राज्य सरकार की सेवा ने पहले से लगे किसी अधिकारी के स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा । |
| 6 | मुख्य अभियन्ता | — | अधीक्षण अभियन्ता के रूप में तीन वर्ष का अनुभव। | अधीक्षण अभियन्ता में से पदोन्नति द्वारा या किसी राज्य सरकार या भारत सरकार, बोर्ड या निगम या वैज्ञानिक निकाय की सेवा में पहले से ही लगे किसी अधिकारी के स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा । |
| 7 | मुख्य महाप्रबन्धक विकास एवं जांच अधिकारी | — | एच०सी०एस० | राज्य सरकार की सेवा में पहले से लगे किसी अधिकारी के स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा । |
| 8 | जिला न्यायवादी | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि स्नातक की डिग्री तथा जिसने बार में पांच वर्ष की अवधि से कम प्रैक्टिस न की हो । | जो सम्बद्ध विभाग द्वारा विहित की जाए। | अभियोजन विभाग हरियाणा से किसी अधिकारी के स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा। |
| 9 | वरिष्ठ नगर योजनाकार | — | जो सम्बद्ध विभाग द्वारा विहित की जाए । | नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग, हरियाणा से किसी अधिकारी के स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा। |
| 10 | वास्तुकार | (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वास्तुकला में डिग्री या वास्तुकला परिषद् द्वारा सम्यक् रूप से मान्यता प्राप्त तथा पंजीकृत भारतीय वास्तुकार संस्थान से | सहायक वास्तुकार के रूप में सात वर्ष का अनुभव। | सीधी भर्ती द्वारा या सहायक वास्तुकार में से पदोन्नति द्वारा या किसी राज्य सरकार या बोर्ड/निगम/वैधानिक निकाय की सेवा में पहले से ही लगे किसी अधिकारी के स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा । |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| | | वास्तुकला में समकक्ष डिप्लोमा तथा विख्यात संस्थान/फर्म में कम से कम पांच वर्ष का अनुभव हो ;<br>(ii) दसवीं स्तर तक हिन्दी/संस्कृत । | | |
| 11 | क्षेत्रीय प्रबन्धक | – | एच०सी०एस० | राज्य सरकार की सेवा मं पहले से ही लगे किसी अधिकारी के स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा । |
| 12 | महाप्रबन्धक | – | अपर महाप्रबन्धक के रूप में दो वर्ष का अनुभव। | अपर महाप्रबन्धक में से पदोन्नति द्वारा । |
| 13 | अपर महाप्रबन्धक | – | उप क्षेत्रीय प्रबन्धक (पर्वतन) के रूप में दो वर्ष का अनुभव । | उप महाप्रबन्धक (प्रर्वतन) में से पदोन्नति द्वारा । |
| 14 | अधीक्षण अभियन्ता | – | सम्बन्धित इंजीनियरिंग शाखा में कार्यकारी अभियन्ता के रूप में सात वर्ष का अनुभव। | (i) सतासठ प्रतिशत कार्यकारी अभियन्ता में से पदोन्नति द्वारा;<br>(ii) तैतीस प्रतिशत किसी राज्य सरकार या भारत सरकार या बोर्ड या निगम या वैद्यानिक निकाय की सेवा में पहले से ही लगे किसी अधिकारी के स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा। |
| 15 | प्रशासकीय अधिकारी | – | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक सहित अधीक्षक/निजी सचिव के रूप में तीन वर्ष का अनुभव। | अधीक्षक/निजी सचिव मे से पदोन्नति द्वारा या राज्य सरकार की सेवा में पहले से ही लगे किसी अधिकारी के स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा ।<br>*टिप्पण:* अधीक्षक तथा निजी सचिव 4:1 के अनुपात में पदोन्नत होगे: परन्तु निजी सचिव के संवर्ग से इस पद की कुल संख्या के पचास प्रतिशत से अधिक नहीं होगी । |
| 16 | उप क्षेत्रीय प्रबन्धक (प्रर्वतन) | – | जिला महाप्रबन्धक (प्रर्वतन) के रूप में तीन वर्ष की अनुभव। | जिला महाप्रबन्धक (प्रर्वतन) में से पदोन्नति द्वारा। |
| 17 | कार्यकारी अभियन्ता | – | (i) उप मण्डल अभियन्ता के रूप में छह वर्ष का अनुभव;<br>(ii) सिविल/इलैक्ट्रीकल/इलैक्ट्रोनिक तथा कमनीकेशन में इंजीनियरिंग में स्नातक/टैक्नोलोजी में स्नातक या सम्बद्ध इंजीनियरिंग शाखा में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इसके समकक्ष;<br>(iii) बोर्ड द्वारा यथाविहित विभागीय परीक्षा पास की हो। | (i) सतासठ प्रतिशत उप मण्डल अभियन्ता में से पदोन्नति द्वारा ; तथा<br>(ii) तैतीस प्रतिशत किसी राज्य सरकार या भारत सरकार या बोर्ड या निगम या वैधानिक निकाय की सेवा में पहले से ही लगे किसी अधिकारी के स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा। |
| 18 | सहायक वास्तुकार | (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वास्तुकला में डिग्री या वास्तुकला परिषद् द्वारा सम्यक रूप से मान्यता प्राप्त तथा पंजीकृत भारतीय वास्तुकार संस्थान से वास्तुकला में समकक्ष डिप्लोमा तथा विख्यात संस्थान/फर्म में कम से कम पांच वर्ष का अनुभव हो ; | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वास्तुकला में डिग्री की दशा में वास्तुशिल्पीय सहायक सहित तीन वर्ष का अनुभव या किसी मान्यता प्राप्त तकनीकी शिक्षा बोर्ड से वास्तुशिल्पीय असिसटैन्टशिप में तीन वर्ष का डिप्लोमा रखने वाले की दशा में पांच वर्ष का अनुभव। | सीधी भर्ती द्वारा या वास्तुशिल्पीय सहायक में से पदोन्नति द्वारा या राज्य सरकार या बोर्ड या निगम या वैधानिक निकाय की सेवा में से पहले ही लगे किसी अधिकारी के स्थानान्तरण या पदोन्नति द्वारा। |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| | | (ii) दसवी स्तर तक हिन्दी/संस्कृत। | | |
| 19 | उप महाप्रबन्धक (वित्त तथा लेखा) | — | तीन वर्ष के अनुभव सहित लेखा अधिकारी, राज्य लेखा अधिकारी (एस.ए.एस.)/सहायक महाप्रबन्धक (वित्त तथा लेखा) | लेखा अधिकारी/ सहायक महा-प्रबन्धक (वित्त तथा लेखा) में से पदोन्नति द्वारा या राज्य सरकार या भारत सरकार या बोर्ड या निगम या वैद्यानिक निकाय की सेवा में पहले से ही लगे किसी अधिकारी के स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा । |
| 20 | जिला महा प्रबन्धक (प्रवर्तन) | — | कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव के रूप में पांच वर्ष के अनुभव सहित किसी मान्यता प्राप्त संस्था से मार्किटिंग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा। | कार्यकारी अधिकारी एवं सचिवों में से पदोन्नति द्वारा । |
| 21 | उप मण्डल अभियन्ता | सिविल, इलैक्ट्रीकल/ इलैक्ट्रोनिक्स तथा कमनीकेशन इंजीनियरिंग में स्नातक/टैक्नोलोजी में स्नातक या सम्बद्ध इंजीनियरिंग शाखा में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पचपन प्रतिशत अंकों सहित इसके समकक्ष तथा दसवी स्तर तक हिन्दी/संस्कृत । | सिविल, इलैक्ट्रीकल/इलैक्ट्रोनिक्स तथा कमनीकेशन इंजीनियरिंग में तीन वर्ष के डिप्लोमा सहित कनिष्ठ अभियन्ता/परिमण्डल मुख्य प्रारुपकार/सहायक प्रारुपकार के रूप में 10 वर्ष का अनुभव। | (क) सीधी भर्ती द्वारा ; तथा 40 प्रतिशत<br>(ख) पदोन्नति द्वारा–<br>(i) कनिष्ठ अभियन्ता में से ; 40 प्रतिशत<br>(ii) परिमण्डल मुख्य प्रारुपकार में से ; 6.67 प्रतिशत<br>(iii) सहयुक्त सदस्य इंजीनियरिंग संस्था की योग्यता रखने वाले कनिष्ठ अभियन्ता या इंजीनियरिंग स्नातक में से; 10.33 प्रतिशत<br>(iv) सहयुक्त सदस्य इंजीनियरिंग संस्था की योग्यता रखने वाले सहायक प्रारुपकार या इंजीनियरिंग स्नातक में से । 3 प्रतिशत<br>*टिप्पण 1:* यदि स्रोत (iii) तथा (iv) से कोई उम्मीदवार उपलब्ध नहीं है, तो रिक्ति सीधी भर्ती से भरी जाएगी।<br>*टिप्पण 2:* यदि स्रोत (क) या स्रोत (ख) के (ii) से उम्मीदवार उपलब्ध नहीं है तथा किसी व्यक्ति को आंबटित स्रोत से भिन्न अस्थायी प्रबन्ध के रूप में लोकहित में नियुक्त किया गया है ऐसा कर्मचारी जब कोई उम्मीदवार आंबटित स्रोत से उपलब्ध है, तो वह अपने मूल संवर्ग में लौट आने के लिए दायी होगा तथा ऐसे व्यक्ति द्वारा की गई सेवा अवधि वरिष्ठता के प्रयोजन के लिए नहीं गिनी जाएगी। |
| 22 | उप मण्डल अभियन्ता (भू–दृश्य–निर्माण) | (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय (जो वास्तुकला परिषद् से पंजीकृत हो) से | दस वर्ष के अनुभव सहित कनिष्ठ अभियन्ता (भू–दृश्य–निर्माण ) | (i) सीधी भर्ती द्वारा या राज्य सरकार या निगम या बोर्ड या वैधानिक निकाय की सेवा में पहले से ही |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| | | वास्तुकला से स्नातक होना चाहिए; (ii) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से लैंडस्काय, भू-दृश्य-निर्माण, डिजाइन में स्नातकोत्तर या समकक्ष इसमें डिग्री रखता हो ; (iii) दसवीं तक हिन्दी/संस्कृत | | लगे किसी कर्मचारी के स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा ; या (ii) कनिष्ठ अभियन्ता (भू-दृश्य-निर्माण) में से पदोन्नति द्वारा । |
| 23 | कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव | किसी भी डिसप्लिन मे 55 प्रतिशत अंको सहित स्नातकोत्तर सहित मार्किटिंग में डिप्लोमा या कारबार प्रशासन मार्किटिंग में मास्टर सहित 55 प्रतिशत अंक। मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/बोर्ड से कृषि मार्किटिंग या कृषि कारबार में डिप्लोमा को अधिमान दिया जाएगा तथा दसवीं स्तर तक हिन्दी/संस्कृत। | सहायक सचिव/सांख्यिकीय सहायक के रूप में तीन वर्ष का अनुभव। | (i) पचास प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा ; तथा (ii) पचास प्रतिशत पदोन्नति द्वारा ; (क) अड़तालीस प्रतिशत सहायक सचिवो में से ; तथा (ख) दो प्रतिशत सांख्यकीय सहायकों में से। |
| 24 | पुस्तकाध्यक्ष | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पुस्तकालय विज्ञान में स्नातकोत्तर सहित दसवीं स्तर तक हिन्दी/संस्कृत। | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पुस्तकालय विज्ञान में स्नातकोत्तर। | सीधी भर्ती द्वारा या राज्य सरकार या बोर्ड या निगम या वैधानिक निकाय की सेवा में पहले से ही लगे किसी कर्मचारी के स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा । |
| 25 | वास्तुशिल्पीय सहायक | — | वरिष्ठ प्रारूपकार (वास्तुकला) के रूप में छह वर्ष का अनुभव। | वरिष्ठ प्रारूपकार (वास्तुकला) में से पदोन्नति द्वारा या राज्य सरकार या बोर्ड या निगम या वैधानिक निकाय की सेवा में पहले से ही लगे किसी कर्मचारी के स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा । |
| 26 | निजी सचिव | — | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक सहित निजी सहायक के रूप में पांच वर्ष का अनुभव। | निजी सहायक में से पदोन्नति द्वारा या राज्य सरकार या बोर्ड या निगम या वैधानिक निकाय की सेवा में पहले से ही लगे किसी कर्मचारी के स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा । |
